राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–pr.rajbhavan@gmail.com
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

महामहिम राज्यपाल ने कुमार निर्मलेन्दु की पुस्तक 'मगधनामा' को लोकार्पित किया

पटना, 19 जनवरी 2020

महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने आज राजभवन में बिहार के शेखपुरा जिलान्तर्गत सादिकपुर ग्रामवासी लेखक श्री कुमार निर्मलेन्दु की पुस्तक 'मगधनामा' को लोकार्पित किया। कुमार निर्मलेन्दु की 447 पृष्ठों की यह शोधपरक पुस्तक मगध के गौरवशाली इतिहास की रोचक कथात्मक प्रस्तुति है। राजकमल समूह के 'लोकभारती प्रकाशन' से प्रकाशित इस पुस्तक के लेखक ने अभिलेखीय, ऐतिहासिक और साहित्यिक स्रोतों को अपने शोध का आधार बनाकर बहुत ही सरस, रोचक और तथ्यपरक रूप में अपनी इस कृति का प्रणयन किया है।

पुस्तक को लोकार्पित करते हुए महामहिम राज्यपाल श्री फागू चौहान ने कहा कि बिहार का इतिहास अत्यन्त गौरवमय रहा है। उन्होंने कहा कि मगध साम्राज्य के गौरवशाली इतिहास को प्रामाणिकता और रोचकता के साथ लोकार्पित पुस्तक में लेखक ने प्रस्तुत किया है।

राज्यपाल ने कहा कि इस पुस्तक में इतिहास और साहित्य का मणिकांचन संयोग देखते ही बनता है। उन्होंने कहा कि इस पुस्तक में मगध के इतिहास, मगध में बौद्ध एवं जैन धर्मों के उद्‌भव और विकास, मगध में विभिन्न कलाओं और विद्याओं की समृद्धि, विभिन्न ऐतिहासिक काल–खण्डों में मगध की प्रगति, मगध के शासकों के राज–कौशल और आदर्शों आदि की बड़ी ही सारगर्भित और ज्ञानवर्द्धक रूप में प्रस्तुति हुई है। राज्यपाल ने इस महत्वपूर्ण पुस्तक की रचना के लिए लेखक कुमार निर्मलेन्दु को बधाई देते हुए उनके लेखकीय जीवन की सफलता की कामना की।

कार्यक्रम में लेखक श्री कुमार निर्मलेन्दु ने बताया कि 'प्रयागराज और कुंभ' तथा 'कौशाम्बी– प्राचीन भारत का एक गौरवशाली नगर' –जैसी कृतियों के लेखन के बाद उनकी यह 'मगधनामा' पुस्तक मगध के इतिहास की सरस कथात्मक प्रस्तुति है। उन्होंने बताया कि आधे दर्जन पुस्तकों के लेखन के बाद उनकी दिनकर जी पर लिखी एक समीक्षात्मक किताब शीघ्र ही प्रकाशित होनेवाली है।

लेखक को बधाई देते हुए उत्तर प्रदेश राज्य के एक पूर्व विधायक श्री सुधीर राय ने कहा कि उत्तर प्रदेश में जिला आपूर्ति पदाधिकारी, गाजीपुर के पद पर रहते हुए अपनी प्रशासनिक व्यस्तता में से समय निकाल कर लेखक ने एक प्रशंसनीय और महत्वपूर्ण पुस्तक का लेखन किया है। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री बृजराज राय ने भी लेखक को बधाई दी।

लोकार्पण–कार्यक्रम में श्री ब्रजकिशोर पाण्डेय, श्री युगेश्वर प्रसाद सिंह, श्री शिवकुमार राय, श्री रामनाथ पाण्डेय सहित कई साहित्यकार तथा सामाजिक कार्यकर्त्ता भी उपस्थित थे।

....